संक्षिप्त

स्वच्छता कार्यक्रम शुरु

पावटा। पावटा प्रागपुरा नगरपालिका द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के 10० वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता कार्यक्रम की शुरुआत मंगलवार को चेयरमेन उर्मिला अग्रवाल, ईओ बसंत सैनी, कनिष्ठ अभियंता हरि सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता निर्मल पंसारी ने किया। इस मौके पर सभी को स्वछता की शपथ दिलवाई गई। चेयरमेन उर्मिला अग्रवाल ने कहा हम सभी लोगों को स्वच्छता को अपने व्यवहार में लाना होगा तब ही स्वच्छ समाज और स्वच्छ भारत का निर्माण हो सकेगा। इस कार्यक्रम का आयोजन लोगों को जागरूक करने के लिए किया गया है। ईओ बसंत सैनी ने आमजन से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नही करने, अपने आस पास सफाई रखने, गिले व सुखे कचरे को अलग अलग डालने का संदेश दिया। उन्होने कहा कि सरकार के निर्देश के आलोक में स्वच्छता पखवाडा का आयोजन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक किया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन विभिन्न विभागों के द्वारा स्वच्छता आधारित गतिविधियां चला कर जनमानस को जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर पार्षद, एसएचसी महिलाए, पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

मरीजों को फल बांटे

सांभरझील। उसामिया सोशल वेलफेयर सोसाइटी की तरफ से हर वर्ष की भांति इस बार भी समिति के सभी पदाधिकारियों की मौजूदगी में उप जिला अस्पताल सांभर में मरीजों को फल बांटकर उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन के लिए शुभकामनाएं व्यक्त की। इस मौके पर डॉक्टर महेश शर्मा ने कहा कि यह भी एक प्रकार से पुण्य का काम है और सभी को यथा संभव इसके लिए अपना वांछित योगदान देना चाहिए। फल वितरण करने वालों में नजम उल हसन उस्मानी, मुबारक बैग, हाजी नौशाद, जिया उर रहमान, हारून रशीद, एहसान उस्मानी, इलियास बाबू रंगरेज, सिराजुद्दीन मंसूरी, शमीम खान, मुजफ्फर काजी शामिल रहे।

रक्तदान शिविर आयोजित

खाटूश्यामजा(निंस)।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जन्मदिन के अवसर पर भाजपा मण्डल खाटूश्यामजी द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन कस्बे की राधा कृष्ण गेस्ट हाउस में किया गया। शिविर का शुभारंभ भाजपा प्रत्याशी गजानंद कुमावत, भाजपा नेता पवन पुजारी, विधानसभा अध्यक्ष के ओएसडी प्रमोद शर्मा ने किया।इस दौरान अतिथियों ने रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाया तथा प्रमाण पत्र प्रदान किए।

68 वीं बालिका खो-खो प्रतियोगिता

देवली (नि स) शहर स्थित उच्च माध्यमिक संस्कार विद्या मंदिर में मंगलवार को जिला स्तरीय 68वीं बालिका खो-खो प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। स्कूल संचालक आरपी धाकड ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि हंसराज मीणा प्रधानाचार्य सांवतगढ व अध्यक्ष मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामराय मीणा थे। मुख्य अतिथि ने खेल भावना से प्रतियोगिता में शामिल होने की बात कही।

सड़क दुर्घटना में एक की मौत, परिजनों व ग्रामीणों ने हत्या का आरोप लगाया

टोंक। बरोनी थाना क्षेत्र के कस्बा सोहेला मार्ग पर बीती रात मोटरसाईकिल पर सवार एक युवक की मृत्यु हो गई, जिसको लेकर परिजनों ने थानाधिकारी बरोनी पर यह संदेह जताया है कि जिन लोगों ने मृतक छोटू गुर्जर पुत्र देवकरण गुर्जर उम्र की हत्या में शामिल तीनो आरोपियों को संरक्षण प्रदान कर रखा है। साथ ही परिजनों ने थानाधिकारी पर जातिवाद व बजरी माफियों से मिली भगत का भी आरोप लगाया है। थाने में रिपोर्टकर्ता मृतक का भाई सीताराम पुत्र देवकरण गुर्जर निवासी सोहेला ने प्रेस में यही बयान दिया है कि परिजनो को यह अंदेशा है कि छोटू गुर्जर की हत्या की गई है तथा इस हत्या में जीतराम पुत्र बद्री, दिनेश पुत्र हनुमान व रामकिशन पुत्र कालूराम सभी निवासी सोहेला पर हत्या का आरोप लगाया है।

परिजनों व ग्रामीणों ने जातिवाद व बजरी माफियों से मिलीभगत का भी आरोप लगाया।

उक्त प्रकरण में परिजनो ने क्षेत्रवासियों के साथ जिला कलेक्टर परिसर में पंहुचकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिसमें मांग की गई कि यह कोई सडक दुघर्टना नही, सीधा सीधा हत्या का मामला है तथा इसकी जांच सीबीआई से कराई जायें।

बरोनी थानाअधिकारी सहित अन्य पुलिसकर्मी जो अवैध बजरी परिवहन में लिप्त है, उनको तत्काल सस्पेड किया जाये तथा नामजद आरोपियों के विरूद्ध आईपीसी की धारा 302 के तहत प्रकरण दर्ज किया जाये एवं जांच अधिकारी क्षेत्र से बाहर का हो।

- जांच अधिकारी क्षेत्र का बाहर का लगाने की मांग की

समाचार लिखे जाने तक जांच अधिकारी तो क्षेत्र से बाहर का नियुक्त कर दिया गया लेकिन थानाधिकारी व अन्य पुलिसकर्मियों को संस्पेड नही किया गया है, जबकी परिजनो ने मृतक का शव तब तक नही उठाने की मांग की है, जब तक उनकी मांग पूरी नही जायें। समाचार लिखे जाने तक धरना जारी था। थानाधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि शव को सआदत चिकित्साल्य की मोर्चरी में रखवाया गया तथा अनुसधान कार्य जारी है।

156 युवाओं को मिले नियुक्ति पत्र

अलवर, खैलथल । प्रताप ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव, स्वच्छता ही सेवा पखवाडा व प्रधानमंत्री आवास योजना ठामीण एवं वर्चुअल विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास समारोह वन पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला सहित अधिकारियों जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित हुआ। इस अवसर पर 156 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। 20 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने आवासों की चाबी व 30 लाभार्थियों को आवास स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नव नियुक्त कर्मचारियों व आवास योजना के तहत लाभान्वित हुए परिवारों के मुखियाओं से सीधे संवाद कर बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वर्चुअली अलवर जिले में 68 करोड रूपये की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जिसमें से विभिन्न विभागों के 35.37 करोड रूपये की लागत के 18 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं विभिन्न विभागों के 32.63 करोड रूपये की लागत के 7 विकास कार्यों का शिलान्यास किया।

कार्यक्रम के दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के राज्य स्तरीय कार्यक्रम से वीसी से जुडे वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा से एक पेड माँ के नाम अभियान के तहत की जा रही गतिविधियों की जानकारी ली।

हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

पावटा । प्रागपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत शकुंत रिसोर्ट के पास सर्विस रोड पर सोमवार सुबह करीब 9 बजे एक पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार बागावास अहिरान निवासी राजू भिस्ती पुत्र मामद्दीन भिस्ती उम्र 24 वर्ष की दुर्घटना में मौत हो गई।

वहीं प्रत्यक्षदर्शियो के अनुसार पिकअप पावटा से बागावास अहिरान की तरफ आ रही थी व बाइक सवार युवक बागावास अहिरान से पावटा की तरफ जा रहा था। तभी पिकअप व बाइक मे आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसा इतना भयानक था कि जिसने भी देखा वह सिहर उठा। इस दौरान मौके से पिकअप चालक पिकअप लेकर फरार हो गया।वहीं सूचना पर प्रागपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जहां शव को पावटा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सुपर्द किया गया। इधर पीडित परिवार ने प्रागपुरा थाने में मामला दर्ज कराया है।

हादसे के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच पंचनामा बनाया ।

कॉमरेड नेता सीताराम येचुरी को याद किया

जयपुर । भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के राष्ट्रीय महासचिव कॉमरेड सीताराम येचुरी की स्मृति में आज राजगुप्त सभागार में श्रद्धांजली सभा कर उनको श्रद्धांजलि दी गई। ज्ञातव्य हो कि फेफडों में इंफेक्शन के कारण कॉमरेड सीताराम येचुरी का 12 सितम्बर को दोपहर में एम्स दिल्ली में निधन हो गया था। उनके परिवार जनों ने उनकी इच्छानुसार उनका देहदान रिसर्च के लिए एम्स हॉस्पिटल दिल्ली को कर दिया।

सभा में पार्टी की जिला सचिव रईसा ने कॉमरेड सीताराम येचुरी का जीवन परिचय बताते हुए बताया कि कॉमरेड सीताराम सीबीएसई के टॉपर रहे और सेंट स्टीफंस कॉलेज से बी ए में भी टॉपर रहे। जेएनयू में एम ए करने के दौरान वह छात्र संगठन एसएफआई से जुड़े और उन्होंने एस एफआई को आगे बढ़ाया। वो तीन बार जेएनयू के अध्यक्ष रहे। इसी दौरान वह वामपंथी विचारधारा के प्रभाव में आए। वह तमाम जटिल विषयों पर विचार पूर्ण तरीके से लिख और बोल सकते थे। वह 14 भाषाओं को अधिकार पूर्वक बोल सकते थे। आपातकाल के दौरान वो जेल गए। उन्होंने प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के घर तक मार्च किया और उनसे जे एन यू दिल्ली के वाइस चांसलर पद से इस्तीफा मांगा। कॉमरेड सीताराम येचुरी दो बार राज्यसभा के सदस्य रहे और 2016 में उन्हें बेहतरीन सांसद का पुरस्कार मिला। कॉमरेड सीताराम येचुरी 32 वर्ष की आयु में कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी की केंद्रीय कमेटी के सदस्य बने। इस दौरान उन्होंने ईएमएस नंबूदरीपद, एम बासवपुनैया, हरकिशन सिंह सुरजीत जैसे बड़े नेताओं के साथ काम किया और राजनीति की जटिलताओं को समझा। उन्हें मार्क्सवादी सिद्धांतकार माना जाता है लेकिन अन्य राजनीतिक दलों से तालमेल बिठाने में भी वो माहिर थे। इंडिया गठबंधन के विचार को भी आगे बढ़ाने में उनका महत्वपूर्ण और सक्रिय योगदान रहा है। वैचारिक क्षेत्र में उनका योगदान उनकी दो किताबें ''यह हिंदू राष्ट्र क्या है?'' और ''सांप्रदायिकता बनाम धर्मनिरपेक्षता'' है। कॉमरेड सीताराम येचूरी का जाना किसान मजदूर शोषित और वंचित तबके के आंदोलन के लिए और प्रगतिशील विचार की आवाज के लिए एक गहरा धक्का है। सभा में सीटू के साथी कॉमरेड रघुनाथ बवेजा, एटक के साथी कॉमरेड भोलाराम शर्मा, सीपीआई के शहर सचिव कॉमरेड तेजपाल सैनी, अखिल भारतीय किसान सभा के साथी कॉमरेड मुख्तयार सिंह, जिला सचिव मंडल के सदस्य कॉमरेड जितेंद्र नरूका एवम कॉमरेड ज्ञानचंद खमरा, साथी मांगेराम शर्मा, साथी किशन खैरालिया सहित अनेक साथियों ने कॉमरेड सीताराम येचुरी के निधन को संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के आंदोलन को एक बड़ी हानि बताया। सभा में उपस्थित सभी साथियों ने उनके विचारों को आगे बढ़ाने और उनके बताए रास्ते पर चलने की शपथ ली। श्रद्धांजलि सभा में उमेश सैनी, हरीश महावार, कॉमरेड उस्मान, कॉमरेड शमसूदीन, कॉमरेड सेवकसिंह, देवीसहाय सहित अनेक साथियों ने शिरकत की।

अनंत चतुर्दशी पर भाईचारा दिखाई दिया

देवली । शहर के हिंदू मुस्लिम समाज ने एक बार फिर सांप्रदायिक सौहार्द का परिचय देकर जाति धर्म की घटिया राजनीति करनेवालोंलोगों को आइना दिखा दिया है।तो वहीं इस अद्भुत पल ने शहर वासियों का मन जीत लिया।

गणेश अनंत चतुर्दशी पर यहां हिंदू वर्ग के सभी समाज लोगों ने भगवान श्री गणेश की संयुक्त शोभायात्रा निकाली इस दौरान स्थानीय मुस्लिम समाज के लोगों ने गणेश उत्सव की शोभायात्रा पर पुष्प बरसाए और शोभायात्रा में शामिल लोगों का भव्य स्वागत भी किया।

उल्लेखनीय है कि पिछले 10 दिनों से चल रहे गणेश महोत्सव कार्यक्रम का समापन मंगलवार को हुआ। मंगलवार को श्री गणेश अनंत चतुर्दशी महोत्सव पर शहर में तीन दर्जन से अधिक गणेश प्रतिमाओं की शोभायात्रा मुख्य मार्गों पर निकाली गई तत्पश्चात संध्याकालीन सभी प्रतिमाओं को बनास नदी घाट पर विसर्जन कर दिया गया।

मंगलवार को प्रात: से ही शहर में भर में गणेश महोत्सव की धूमधाम दिखाई दी। दोपहर 12:00 बजे बाद भगवान श्री गणेश की भव्य शोभायात्रा निकालना प्रारंभ हुआ। जिस पर शहर में कई स्थानों पर लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

वहीं शहर के नेहरू मार्केट में मुस्लिम समाज के लोगों ने शोभायात्रा पर पुष्प बरसाए और यात्रा में शामिल भक्तों का भव्य स्वागत किया साथ ही सभी को गणेश महोत्सव की बधाई दी।

इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष आशीष पंचोली शहर अध्यक्ष सत्यनारायण साहू सहित कई हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों एवं लोगों ने भी मुस्लिम समाज के लोगों का हाथ जोड़कर अभिनंदन किया।

इस मौके पर देवली पुलिस उपअधीक्षक रामसिंह जाट, थाना प्रभारी राजकुमार नायक समेत कई दर्जन पुलिसकर्मी मौजूद रहे। गौरतलब है कि देवली में रामनवमी के जुलूस पर भी मुस्लिम समाज के लोगों मस्जिद के बाहर हर बार पुष्प वर्षा करके यात्रा का स्वागत करते रहे है।

वही मुस्लिम समाज के त्योहारों पर हिंदू संगठन द्वारा भव्य स्वागत किया जाता रहा है। अगर बात करें तो कई दशकों से यहां हिंदू मुस्लिम समाज में आपसी भाईचारा बना हुआ है जिसे दोनों समाजबखूबीनिभाते आ रहे हैं।

सार-समाचार

योजनाओं की जानकारी दी

पावटा। निकटवर्ती ग्राम पंचायत आंतेला भाबरु मे अधीक्षक डाकघर जयपुर देहात मंडल जयपुर के निर्देशानुसार सहायक अधीक्षक डाकघर उपखंड शाहपुरा के सानिंध्य मे भारतीय डाक विभाग द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के तहत डाकघर मेले मे बचत योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, ग्रामीण डाक बीमा योजना सहित अन्य योजनाओ के बारे मे ग्रामीणों को अवगत करवाया व इनका लाभ लेने के लिए उन्हे प्रेरित किया। वही 5 वर्ष की आयु से छोटे बच्चों के आधार कार्ड भी बनाकर मोबाइल नंबर भी अपडेट किए गए। डाकघर में लेकर मुय अतिथि सरपंच जयराम नागर रहे। जहाँ उनका माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान सूरजमल योगी व विक्रम कुमार ने बताया कि डाक मेले का आयोजन कर डाकघर की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को बताने के साथ उन्हें योजनाओं से जोडने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण सरकारी योजनाओ का लाभ ले सके। उन्होंने कहा कि सरकार का विकास योजनाओं के जरिए होता है। इसलिए सभी को सरकारी योजनाओं के प्रति जागरुक होने की जरूरी है। गांव के विकास की जिमेदारी हरेक ग्रामीण की है। साथ ही लोगों से योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। मौके पर सरपंच जयराम नागर, पूर्व शाखा डाकपाल मामराज सैन, रोहिताश मीणा, हंसराज सैनी, रिशाल नागर, नरेश मीणा, गोकुलचंद बुनकर व डाक विभाग की तरफ से दशरथ मीणा, भूपेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, अशोक सिंह, अजय, अनुज, धर्मेंद्र मौजूद रहे।

लाभार्थियों का किया सम्मान

मालपुरा (निस) राज्य सरकार के आदेशानुसार मंगलवार को पंचायत समिति सभागार सहित सभी ग्राम पंचायतो मे शिविर आयोजित कर योजना के लाभार्थियो का सम्मान किया गया। पंचायत समिति विकास अधिकारी सतपाल कुमावत ने दस लाभार्थियो के खाते मे प्रथम किस्त स्थानान्तरित कर उन्है उपहार दिया गया। तो योजना के तहत पूर्ण निर्मित आवास के दस लाभार्थियो को आवास पूर्णता प्रमाण पत्र जारी किये गये। लाम्बाहरिसिंह मे सरपंच गीता देवी वैष्णव,ग्राम विकास अधिकारी रमेश चन्द शर्मा,ने लाभार्थियो को सम्मान से नवाज बांटे प्रमाण पत्र।

राज्य स्तरीय -20 महिला टीम का चयन

दौसा । जिला क्रिकेट संघ दौसा द्वारा ट्रायल में चयनित संभावित महिला खिलाडी सोनम सैनी , खुशी जैन तनिका शर्मा यारा वर्मा निधि सैनी कीर्ति उपाध्याय मेघा बंसीवाल संजना मीणा गुड्डू बाई गुर्जर मनोहर बाई विमला मीणा संजना मीणा खुशी सिकरवार काजल शर्मा माही सेठ विदुषी शर्मा कल्पना राजावत आदि शामिल है। ज़िला क्रिकेट संघ के सचिव बृजकिशोर उपाध्याय ने बताया कि हमने अभी तक सभी फ़ॉर्मेट में टीम के चयन में दौसा ज़िले के ही खिलाड़ियों को टीम में जगह दी थी परंतु महिला -20 टीम में ज़िले से केवल 8 ही महिला खिलाड़ी उपलब्ध थी जिसकी वजह से दौसा की टीम भेजना संभव नहीं था परन्तु हमने प्रयास किए और छोटे ज़िले जैसे सवाईमाधोपुर ,प्रतापगढ़ जैसे जिलों की टीम नहीं बनी तो वहाँ से कुछ अच्छे खिलाड़ी दौसा में शामिल किए गए है खिलाड़ियों के चयन को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने हेतु संभावित खिलाड़ियों का मैच नैना क्रिकेट एकेडमी जगतपुरा जयपुर में कराया गया क्योंकि दौसा ज़िले में कही भी मैच कराने के लिए ग्राउंड उपलब्ध नहीं था ।

बालिका प्रतियोगिता शुरू

देवली । शहर केवार्ड नंबर नौ ओर 7 के अंबेडकर सर्कल के पास पुरानी कृषि उपज मंडी और सब्जी मंडी के बाहर नगर पालिका प्रशासन ने शहर का कचरा डिपो बना दिया है। यह जानकारी शहर के भाजपा नेता अंकित डाबर ने दी। भाजपा नेता अंकित डाबर ने बताया कि पालिका प्रशासन ने शहर की घनी आबादी और लोगों की आवाजाही के बीच गंदगी और कचरे का 10 फीट ऊंचा ढेर लगा दिया है। डाबर ने यह भी बताया कि यहां पर वर्तमान में शहर की सब्जी मंडी संचालित है। ऐसे में देवली शहर और आस पास के क्षेत्र से हजारों लोग प्रतिदिन सब्जी खरीदने और बेचने आते हैं। इन दिनों चल रही मौसमी बीमारियों के चलते यहां लगे कचरे के देर के कारण लोगों के बीच महामारी फैलने का खतराबनाहुआहै। ऐसे में नगर पालिका प्रशासन को चाहिए कि वह यहां से कचरे के ढेर को हटाकर सफाई करवाई जाए जिससे आम लोगों को यहां फैली गंदगी से राहत मिल सकेगी और इससे होने वाली बीमारियों से बीमारियों से बचा जा सकेगा। गौरतलब है कि यहां कृषि मंडी का कामकाज अन्य स्थान पर नियंत्रित होने के बाद से पालिका प्रशासन ने उक्त स्थान को कचरे के डिपो में तब्दील कर दिया है ।

भगवान विश्वकर्मा का पूजन किया

फुलेरा । कस्बे की बिचून रोड के पास श्री विश्वकर्मा मन्दिर परिसर में मंलवार को भगवान विश्वकर्मा के पूजन दिवस पर जांगिड समाज के लो गों द्वारा वि शेष शेपूजा अर्चना की गई। जबकि इसके पूर्वपू र्व में भगवा न वि श्वकर्मा का पुष्पुप मा ला ओं से भव्य श्रृंगाश्रृं गार कर झां की सजा ई गई। सा थ ही पूजापू जा अर्चनार्च ना कर सदस्यों नें समा ज में खुशखु हा ली की का मना की । गौ रतलब है कि भगवा न वि श्वकर्मा जी की पूजापू जा अर्चनार्च ना केवल जां गि ड समा ज ही नहीं बल्कि हा थ के जो का री गर हो ते है। वह सभी इनकी पूजापू जा करते है। पूजापू जा अर्चनार्च ना के इस अवसर पर मन्दि र समि ति अध्यक्ष या दरा मजागिड, मांगीलाल, चन्द्रकां त आदि मौजूद थे।

टोंक में स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ

टोंक। स्वच्छ भारत मिशन के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मंगलवार को झुंझुनूं में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड के मुख्य आतिथ्य में आयोजित स्वच्छता ही सेवा अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में टोंक के कृषि ऑडिटोरियम से जिला प्रमुख सरोज बंसल, जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा एवं सफाई मित्र सहित विभिन्न अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुडे।

- जगदीप धनखड के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ स्वच्छता कार्यक्रम

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड ने जिला प्रमुख सरोज बंसल से वर्चुअली संवाद कर जिले में स्वच्छता को लेकर लोगों की आदत में बदलाव को लेकर किये जा रहे कार्यों की चर्चा की। जिला प्रमुख ने बताया कि स्वच्छता अभियान को जिले में जनआंदोलन का रूप लिया जाकर जन जागरूकता के माध्यम से जिले में खुले में शौच की आदत को समाप्त कर इसमें काफी हद तक सुधार लाया गया है। साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों में तरल कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में काम किया गया। जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में शहरों की तर्ज पर घर-घर कचरा संग्रहण व नियमित साफ-सफाई के प्रयास किए जा रहे है। इसके साथ ही, उप राष्ट्रपति धनखड ने वार्ड नंबर 50 की महिला रामकन्या मेघवंशी से स्वच्छता को लेकर बातचीत की। मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के वर्चुअली संवाद कार्यक्रम तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत लाभार्थियों को राशि हस्तांरण व गृह प्रवेश के लिए कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को ऊर्जा एवं जिला प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर की अध्यक्षता में कृषि ऑडिटोरियम में हुआ।

स्वच्छता कार्यक्रम में टोंक जिला प्रमुख सरोज बंसल, जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा आदि मौजूद थे।

जनसुनवाई 19 को

कोटपूतली। जनभावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए 19 सितंबर 2024 (गुरुवार) को कोटपूतली-बहरोड़ जिला की जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम आयोजित होगा। पंचायत समिति कोटपूतली के वीसी कक्ष में प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होने वाले जनसुनवाई कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधि एवं समस्त संबंधित विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी भाग लेंगे।

अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण ने बताया कि जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम में वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से मुख्य सचिव या प्रभारी सचिव भी जुड़ेंगे। जिले के सभी उपखण्ड अधिकारी सहित सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भी वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से हिस्सा लेंगे।

इस दौरान जिले के सभी विभागों के अधिकारी जनसुनवाई में भाग लेकर आमजन की समस्याओं का निस्तारण करेंगे। द्वितीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव आयोजित मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कोटपूतली जिले के पीएम कुसुम सी योजना के लाभार्थी बलवीर मोगा से संवाद किया

जयकारे के साथ 251 गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन

मालपुरा (निस) हिन्दु समरसत्ता मंच एवं गणेश महोत्सव समिति के संयुक्त तत्वाधान मे विगत दस दिन से शहर के कोने-कोने मे विराजित 251 गणेश प्रतिमाओं की ऐतिहासिक शोभायात्रा निकाल पुरानी तहसील तेजाजी घाट से पवित्र सरोवर मे गणपत्ति बप्पा मोरया के जयकारो के साथ किया विसर्जन। गणपत्ति महोत्सव समिति द्वारा आयोजित नवें गणपत्ति विसर्जन महोत्सव का अन्नन्त चतुदर्शी पर हुआ समापन। मंगलवार को सभी गणेश पाण्डालो मे गणेश प्रतिमाओं की विशेष पूजा अर्चना की गई। आदर्श नगर बगीची मे गणपत्ति को छप्पन प्रकार के व्यंजनो का भोग लगाया गया।

प्रथम पूजनीय गजानन्द गणेश की प्रतिमाओं को सिर पर धारण कर डीजे की धुनो पर नाचते-गाते शुरू हुई शोभयात्राओं को सुभाष सर्किल पर ऐतिहासिक संगम हुआ। जिससे देखने के लिये हजारो की संख्या मे गांव-ढाणी से सनातन धर्म के लोगो का सैलाब उमड पडा।

सुभाष सर्किल पर गणपत्ति महोत्सव समिति की और से आयोजित स्वागत समारोह मे पालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी,अखिल भारतीय हरियाण गौड ब्राह्मण महासभा के प्रदेशाध्यक्ष रामनारायण शर्मा,पूर्व पालिका अध्यक्ष एडवोकेट राजकुमार जैन,नरेन्द्र कुमार जैन,अवधेश शर्मा,गोपाल गुर्जर,रामबाबू पारीक,धनरूप शर्मा,डॉ. जानम जैन,डॉ. शुभम जैन,जिनेन्द्र मैन्दवास्या,समिति अध्यक्ष मोतीलाल कारवाल,एडवोकेट कृष्णकांत जैन ने गणेश प्रतिमाओं की कि सामुहिक आरती। शहर के प्रमुख मार्गो से होकर निकली शोभायात्रा पर जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत कर जल पान करवाया गया। तेजाजी घाट पर एएसपी रामकुमार कस्वा,डीएसपी महेन्द्र मीणा,थानाधिकारी चेनाराम बेडा,पचेवर एसएचओ राजेन्द्र ताडा,भारी पुलिस जाप्ता के साथ रहै तैनात।

- शहर के कोने-कोने से शुरू हुई शोभायात्राओं का सुभाष सर्किल पर हुआ संगम, ऐतिहासिक शोभायात्रा पहुंची पुरानी तहसील तेजाजी घाट

सरोवर मे विसर्जन के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से एसडीआरएफ टीम सुरक्षा संसाधनो के साथ रही मुस्तैद। पवित्र सरोवर के घाट पर तैनात टीम मे मणिशंकर रूथला,दिनेश विजय,बनवारी सोनी,युवा टीम एक-एक कर प्रतिमाओं को सरोवर मे विसर्जन किया।

अन्नन्त चतुदर्शी पर शहर के जैन मंदिरो मे दस लक्षण पर्व के तहत उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की पूजा कर निर्वाण लड्डू चढाया गया। विगत दस दिनो से उपवास कर रहै त्यागीवर्ती कृष्णकांत जैन व उर्मिला छाबडा की आज निकाली जायेगी भव्य बिन्दोरी। पूज्य सिंधी पंचायत की और से गणेश प्रतिमाओं की शोभायात्रा निकाल गणपत्ति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारो के साथ किया गया विसर्जन।